प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.03.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में कृषि स्थिति की समीक्षा की–राज्य सरकार ने भी अधिकारियों को फसल नुकसान की सूचना तुरंत बीमा कंपनी को भेजने को कहा।

- राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का सेफ्टी सर्टिफिकेशन आगामी जुलाई से पहले पूरा करने के निर्देश दिये।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की कल प्रस्तावित गोवर्धन यात्रा को लेकर डीग जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा इंतजाम।

- प्रदेशभर में कल ईद–उल–फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

00000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देश में कृषि स्थिति की समीक्षा की। कई राज्यों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए यह बैठक हुई। श्री चौहान ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए तत्काल सर्वेक्षण और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इधर प्रदेश में हाल की बारिश ओलावृष्टि के बाद कृषि विभाग ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बीमित किसानों द्वारा फसल नुकसान की सूचना तुरंत बीमा कंपनी को भिजवाएं। विभाग द्वारा गांवों में कैंप लगाकर निर्धारित प्रारूप में जानकारी जुटाई जा रही है। संयुक्त निदेशक (फसल बीमा) डॉ. जगदेव सिंह ने बताया कि प्रभावित किसानों को फसल खराबे की सूचना संबंधित बीमा कंपनी को 72 घंटे के भीतर देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना मिलने से बीमा दावों के निस्तारण में सुविधा होगी।

------

इस बीच आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। जयपुर और आसपास के इलाकों में सुबह हुई तेज बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। टोंक और धौलपुर में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुँचा है। सबसे ज्यादा नुकसान जालौर में इसबगोल की फसल को पंहुचा है। पिछले 24 घंटों के दौरान बाड़मेर, अलवर, जैसलमेर और बीकानेर में मध्यम से तेज वर्षा हुई है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन और रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 से 48 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान है।

------

0000

जलदाय मंत्री सुरेश रावत ने कहा है कि पंजाब सरकार की ओर से पानी की कथित रूप से बकाया रॉयल्टी भुगतान के संबंध में कोई चिट्ठी नहीं मिली है। श्री रावत आज जयपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री रावत ने कहा कि अंतरराज्यीय जल विवादों का निपटान केंद्र सरकार करती है और इसे लेकर समय–समय पर बैठकें होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब सरकार की ओर से चिट्ठी मिलती है तो उसका जवाब दिया जायेगा।

-----

गौरतलब है कि हाल ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक प्रेस वार्ता कर राजस्थान पर पानी को लेकर भारी रॉयल्टी बकाया होने का आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने इस मसले को लेकर पंजाब की पूर्ववर्ती सरकारों को भी घेरा।

0000

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों विशेषकर युद्ध से वैश्विक स्तर पर नुकसान होता है। हालांकि उन्होंने कहा कि देश में आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी

नहीं है। आज प्रदेश भाजपा में मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हैं और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर कृत्रिम कमी का माहौल बनाकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री राठौड़ ने कहा कि देश और प्रदेश में पैट्रोलियम उत्पाद पर्याप्त मात्रा में हैं।

------

0000

राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का सेफ्टी सर्टिफिकेशन आगामी जुलाई से पहले पूरा करने के निर्देश दिये है। स्वप्रेरित संज्ञान पर सुनवाई करते हुए जस्टिस महेंद्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्कूल का सुरक्षा प्रमाण पत्र गलत पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की कल प्रस्तावित गोवर्धन यात्रा को लेकर डीग जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया गया। इस दौरे की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए आज जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने पूंछरी का लौठा क्षेत्र का निरीक्षण किया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा के लिए 400 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। राजस्थान की सीमा में आने वाले परिक्रमा मार्ग और रूट चार्ट की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन ने इस यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कल जयपुर आने का कार्यक्रम है। श्री वैष्णव उत्तर–पश्चिम रेलवे मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करेगें। वे जयपुर रेलवे स्टेशन का भी दौरा कर विभिन्न पुनर्विकास कार्यों का जायजा लेगें।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और देश की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है। आज जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार आधारित शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रदेश में आज चेटीचंड का पर्व परम्परागत उल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी जयपुर में भगवान झूलेलाल की जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चेटीचंड का पर्व सामाजिक एकता और हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज हमेशा राष्ट्र की प्रगति के लिए समर्पित रहा है।

-----

इस मौके पर जयपुर शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें 50 से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल रही। सवाई माधोपुर जिले में भी शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गंगापुर सिटी में इस उपलक्ष्य में गौ सेवा और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाली में झूलेलाल मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है, जहाँ से बैंड–बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पाली में शाम को भजन संध्या और महाआरती के विशेष आयोजन होंगे।

00000

प्रदेशभर में कल ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न शहरों की ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। राजधानी जयपुर सहित अजमेर, पाली और अन्य जिलों में ईद की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। त्योहार को लेकर राज्यभर के बाजारों में काफी चहल–पहल देखी जा रही है और लोग कपड़ों और अन्य सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। प्रशासन द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अजमेर में ईद के मौके पर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह स्थित जन्नती दरवाजा खोला जाएगा। पाली और सवाईमाधोपुर जिले में मुख्य नमाज के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात मार्गों में बदलाव किया गया है।

0000

प्रदेश में कल लोकपर्व गणगौर मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर में कल गणगौर की पारंपरिक सवारी सिटी पैलेस के त्रिपोलिया गेट से निकाली जाएगी। सवाई माधोपुर में भी पुराने शहर में शाही

लवाजमा के साथ गणगौर की सवारी निकलेगी। पाली जिले के बाली में कल नगरपालिका द्वारा ऐतिहासिक गणगौर मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ होगा, जिसमें घुड़दौड़, साइकिल रेस और लोक नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर सहित अन्य जिलों में भी गणगौर की सवारी के विशेष आयोजन होंगे। इससे पहले आज सिंजारा पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

0000